THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Entertainments by private parties on Naval ships are not allowed.

ट्रकों और बसों के चेसिस का आबंटन

4244. **डा० महावीपक सिंह शाक्य** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ट्रकों और बसों के चेसिस का आबंटन करने में विक्रेता भ्रष्ट तरीके अपना रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है जिस से उपभोक्ताओं को ट्रकों और बसों के चेसिस शीघ्र और उचित मूल्य पर प्राप्त हो सकें ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा मयती): (क) और (ख) व्यावसायिक वाहनों के वितरण और मूल्यों पर कोई नियंत्रण नहीं है। ट्रक व बसों, विशेषतः टैल्को तथा अशोक लेलैंड के अधिक पंसद किये जाने वाले मेकों की चेसिसों की मांग में वृद्धि हुई है। इस प्रकार के वाहनों, विशेषतः ट्रक चेसिसों के लिये प्रतीक्षा सूची है। डीलरों के खिलाफ प्रीमियम आदि के बारे में शिकायतें मिली हैं। व्यावसायिक वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी कदम उठाये गये हैं। उत्पादन में काफी वृद्धि होने से आशा है कि कमी की स्थिति जिस से भ्रष्टाचार को स्थान मिलता है, दूर हो जाएगी।

आकाशवाणी के भूतपूर्व महानिदेशक के बारे में प्रसारण

4245 **श्री नवाब सिंह चौहान** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के भूतपूर्व महानिदेशक स्व० श्री जे० सी० माथुर द्वारा की गई सेवाओं के सम्मान में आकाशवाणी अथवा दूरदर्शन केन्द्र द्वारा गत कुछ महीनों में कोई फीचर वार्ता अथवा चर्चा प्रसारित की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो वे प्रसारण किन भाषाओं में किये गये थे, प्रसारण का समय कितना था और प्रसारण केन्द्रों के नाम क्या थे ; और

(ग) इस सम्बन्ध में आकाशवाणी के पूर्वोदाहरण क्या हैं और इस मामले में उनका कहां तक अनुसरण किया गया ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख). (1) जी, नहीं। जबकि आकाशवाणी के केन्द्रों ने श्री जे०सी० माथुर की स्मृति में श्रद्धांजलि के कार्यक्रम प्रसारित किये, दूरदर्शन ने उनके निधन का समाचार 14 मई, 1978 को दिल्ली केन्द्र द्वारा टेलीकास्ट किये गए हिन्दी और अंग्रेजी के समाचार बुलेटिनों में प्रसारित किया। इस के अलावा, उनका चित्र भी दिखाया गया था।

(2) इस के अलावा, आकाशवाणी के निम्नलिखित केन्द्रों ने प्रख्यात व्यक्तियों की श्रद्धांजलियों के कार्यक्रम प्रसारित किए जिनकी तारीखें और अवधि इस प्रकार हैं :—

(1)	आकाशवाणी, दिल्ली	14-5-78 (27 मिनट)	7 प्रख्यात व्यक्तियों की हिन्दी और अंग्रेजी में श्रद्धांजलियां।
(2)	आकाशवाणी, जालंधर	15-5-78 (16 मिनट)	6 प्रख्यात व्यक्तियों की हिन्दी में श्रद्धांजलियां
(3)	आकाशवाणी, पटना	15-5-78 (8 मिनट)	गया में रिकार्ड की गई श्रद्धांजलियों पर आधारित हिन्दी में रेडियो रिपोर्ट।
(4)	आकाशवाणी, भोपाल	15-5-78 (15 मिनट)	प्रख्यात व्यक्तियों की हिन्दी में श्रद्धांजलियां।
(5)	आकाशवाणी, ग्वालियर	15-5-78	प्रख्यात साहित्यकारों की हिन्दी में श्रद्धांजलियां।

श्री जे. सी. माथुर के निधन का समाचार 14-5-78 के समाचार बुलेटिनों में भी दिया गया था। जब कि आकाशवाणी के लखनऊ केन्द्र ने श्रद्धांजलियों के दिल्ली कार्यक्रम को रिले किया, आकाशवाणी के कुछ सहायक केन्द्रों ने मुख्य केन्द्रों से प्रसारित श्रद्धांजलि के कार्यक्रमों को रिले किया।

(ग) आकाशवाणी/दूरदर्शन ने पहले भी विशिष्ट साहित्यिक व्यक्तियों के बारे में इस प्रकार के प्रसारण किए हैं। स्वर्गीय श्री जे०सी०माथुर के बारे में वर्तमान प्रसारण उन की साहित्यिक विशिष्टताओं और समाचार की दृष्टि से इस के महत्व को ध्यान में रखते हुए किया गया था।